24 8/24 पत्रावली पेश हुई। वकुलाय उपस्थित।
पत्रावली व उपलब्ध रेकर्ड के अध्ययन
व वकुलाय की बहस पर मनन के पश्चात
प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाकर
विस्तृत आदेश पृथक से लिखाया गया।
आदेश प्रति TBR बाली व समस्त संबंधित
को पालनार्थ भिजवाई जावें। पत्रावली फैसल
शुमार होकर नम्बर से कम हो।

सहायक कलेक्टर एवं पदेन
उपखण्ड अधिकारी, बाली

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, बाली, जिला–पाली(राजस्थान)
## पीठासीन अधिकारी : श्री दिनेश विश्नोई, आर.ए.एस.

राजस्व विविध प्रकरण GCMS NO 2024 / 196
दायरा तिथि : 29.05.2024
आदेश तिथि : 25-06-2024
प्रार्थी :–

श्रीमति सेजल जानी पत्नि शैलेष कुमार जाति ब्राम्हण निवासी भादुन्द तहसील बाली जिला पाली (राज.)

ब ना म

अप्रार्थी :–

राजस्थान सरकार जरिये (भूमिधारी) तहसीलदार बाली

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 251(ए) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 संशोधन अधिनियम, 2012 सपठित राजस्थान काश्तकारी (सरकारी) संशोधन नियम, 2012 बाबत रेकर्डेड नया रास्ता उपलब्ध कराने

**आदेश** दिनांक: 25-06-25

प्रार्थी ने निर्धारित प्ररूप मे आवेदन–पत्र अन्तर्गत धारा 251(ए) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 संशोधन सपठित राजस्थान काश्तकारी (सरकारी) संशोधन नियम, 2012 सपठित नियम–68 प्रस्तुत कर प्रार्थी की खातेदारी भूमि ग्राम दुदनी(बाहरी क्षेत्र) पटवार हल्का दुदनी तहसील बाली के खसरा नंबर 571 रकबा 0.5300 हैक्टर की भूमि मे आवागमन के लिए कोई विकल्प / रास्ता उपलब्ध नही होने से राजकीय सिवायचक भूमि ग्राम दुदनी(बाहरी क्षेत्र) पटवार हल्का दुदनी तहसील बाली के खसरा नंबर 572 / 741 रकबा 0.6000 हैक्टर में से प्रार्थना पत्र के संलग्न नजरी नक्शा में येलो फ्लोरोसेंट रंग से दर्शित ट्रेक से नया मार्ग उपलब्ध कराये जाने का निवेदन किया गया। प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र के साथ राजस्व अभिलेखो की प्रतियां भी प्रस्तुत की गई। प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र के संबंध मे राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 संशोधन अधिनियम, 2012 सपठित राजस्थान काश्तकारी (सरकारी) संशोधन नियम, 2012 के नियमो के नियम–69(i) के अन्तर्गत एवं इस संबंध मे राज्य सरकार राजस्थान राजस्व (ग्रुप–6) की अधिसूचना क्रमांक : F.3(2) Rev.6/ 03/ pt / 7 Jaipur Dated : 02.03.2012 द्वारा प्रदत्त निर्देशो के अनुसरण मे तहसीलदार बाली को मौका एवं अभिलेखीय स्थिति की जांच कर सम्पूर्ण स्थिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। तहसीलदार बाली एवं भू.अ.निरीक्षक,बेडा ने जांच कर पत्रांक / राजस्व / 2024 / 584 दिनाक 05.06.2024 से रिपोर्ट प्रस्तुत की। तहसीलदार बाली एवं भू.अ. निरीक्षक बेडा की जांच रिपोर्ट अनुसार :–

1. यह है कि आवेदक खातेदार की धारित खातेदारी भूमि में आवागमन के लिए राजस्व रेकॅर्ड में कोई रास्ता उपलब्ध नही है। खातेदार उपरोक्त खातेदारी खसरा नंबर में आवागमन हेतु आस–पास स्थित खसरान से ही आना–जाना करता है।
2. यह है कि प्रस्तावित रास्ता किसी सडक अथवा कटान मार्ग से न्यूनतम दूरी का ही है।
3. यह है कि ग्राम दुदनी(बाहरी क्षेत्र) मे रास्ते हेतु प्रस्तावित भूमि का खसरावार विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र. स. | खसरा नंबर | रकबा हैक्टर मे | किस्म | रास्ते हेतु प्रस्तावित भूमि का क्षेत्रफल | नाम खातेदार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 572 / 741 | 0.6000 हैक्टर | बरानी सोयम | 40x9= 360 वर्गमीटर | राजकीय सिवायचक राजस्थान सरकार |

4. यह कि प्रस्तावित भूमि ग्राम जीवदा(बाहरी क्षेत्र) की डी.एल.सी. दर 1,84,857 रू./– रूपये प्रति हैक्टर है।
5. प्रस्तावित रास्ते की भूमि में किसी प्रकार का कोई भी निर्माण / वृक्ष नहीं है एवं न ही वृक्ष इत्यादि की क्षति है।

प्रकरण मे तहसीलदार, बाली द्वारा रिपोर्ट प्रेषित कर प्रार्थी की मांग अनुसार रास्ता [illegible] जाने बाबत अनुशंषा की गई। तहसीलदार, बाली से रिपोर्ट प्राप्त होने पर प्रकरण मे प्रार्थी व [illegible] सरकार सरकार [illegible] सुनी गई।

सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी, बाली

उपखण्ड अधिकारी बाली, जिला - पाली

पेज लगातार........02

**राजस्व विविध प्रकरण संख्या : Gcms No 2024 /**

अनवान सेजल जानी बनाम सरकार

*अंतर्गत धारा251 ए राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955*

पत्रावली व उपलब्ध रेकर्ड के अध्ययन व वकुलाय की बहस पर मनन के पश्चात् यह जाहिर है कि आवेदक की खातेदारी भूमि प्रार्थी की खातेदारी भूमि ग्राम दुदनी(बाहरी क्षेत्र) पटवार हल्का दुदनी तहसील बाली के खसरा नंबर 571 रकबा 0.5300 हैक्टर की भूमि मे आवागमन के लिए कोई रास्ता वर्तमान मे उपलब्ध नही होने से तहसीलदार, बाली द्वारा जांच के पश्चात् अपने कार्यालय पत्रांक राजस्व / 2024 / 584 दिनांक 05.06.2024 से नया रेकर्डेड रास्ता प्रस्तावित किया गया है।

अतः राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 संशोधन, 2012 सपठित राजस्थान काश्तकारी (सरकारी) संशोधन नियम, 2012 तथा इस संबध मे राज्य सरकार राजस्थान राजस्व (ग्रुप–6) की अधिसूचना क्रमांक : F.3(2)Rev.6/ 03/ pt/ 7 Jaipur Dated : 02.03.2012 तथा राज्य सरकार राजस्व (ग्रुप–6) के परिपत्र क्रमांक प.3(52) राज–6 / 12 / 4 जयपुर दिनांक 14.06.2013 के द्वारा प्रदत्त निर्देशो / शक्तियो के अनुसरण मे प्रार्थी की खातेदारी भूमि ग्राम दुदनी(बाहरी क्षेत्र) पटवार हल्का दुदनी तहसील बाली के खसरा नंबर 571 रकबा 0.5300 हैक्टर की भूमि में आवागमन के लिए कोई विकल्प / रास्ता उपलब्ध नही होने से राजकीय सिवायचक भूमि ग्राम दुदनी(बाहरी क्षेत्र) पटवार हल्का दुदनी तहसील बाली के खसरा नंबर 572 / 741 रकबा 0.6000 हैक्टर मे से 360 वर्गमीटर रास्ता हेतु नियमो के नियम 70 (i)(ख) के अन्तर्गत राज्य सरकार को देय प्रतिकर राशि का निर्धारण करते हुए **तहसीलदार बाली द्वारा प्रस्तुत नक्शा मौका के अनुरूप उपलब्ध कराये जाने के आदेश दिये जाते है।** राजस्व रेकार्ड मे इन्द्राज किये जाने से पूर्व तहसीलदार, बाली देय प्रतिकर राशि को जमा करावे। प्रतिकर राशि नियमानुसार निर्धारण की जाती है :–

| खसरा नंबर | रकबा हैक्टर मे | रास्ते के लिये प्रभावित क्षेत्रफल | डी.एल.सी. दर (प्रति व मी.) रूपये | देय प्रतिकर राशि की डी.एल.सी. दर 1,84,857 /–रूपये प्रति हैक्टेयर से दुगुनी राशि | नाम खातेदार |
|---|---|---|---|---|---|
| 572 / 741 | 0.6000 हैक्टर | 40X9= 360 वर्गमीटर | 19 | 6840X2=13680 | राजकीय सिवायचक भूमि राजस्थान सरकार |

**प्रस्तावित रास्ता मे अन्य कोई क्षति यथा निर्माण / वृक्ष संरचना कारित नही होने से उक्तानुसार राशि 13680/– (अक्षरे तेरह हजार छः सौ अस्सी रूपये मात्र )** रूपये आवेदक द्वारा बतौर प्रतिकर अप्रार्थीगण निजी खातेदार / राज्य सरकार को अदा की जायेगी। प्रतिकर राशि तहसील कार्यालय में जमा करवाई जायेगी। तहसीलदार बाली व निरीक्षक भू–अभि. बेडा द्वारा रिपोर्ट के साथ प्रेषित नक्शा को आदेश का भाग माना जायेगा।

तहसीलदार, बाली प्रतिकर राशि अदायगी की सुनिश्चितता कर उक्त प्रस्तावित भूमि राजस्व रेकार्ड मे बतौर **राजकीय सिवाय चक गै.मु. रास्ता** दर्ज करेंगे।

तहसीलदार, बाली उपरोक्तानुसार पालना सुनिश्चितता कर राजस्व रेकार्ड मे अमल दरामद के साथ नक्शा मे तरमीम कर पालना प्रस्तुत करे। आदेश की प्रति सभी संबंधित को पालनार्थ भिजवायी जावे। मिसल फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो।

(दिनेश बिश्नोई)

सहायक कलक्टर एवं पदेन

उपखण्ड अधिकारी, बाली

क्रमांक / कोर्ट / 2024 /

**प्रतिलिपि निम्नांकित को पालनार्थः–**

1. तहसीलदार, बाली निजी खातेदार को देय प्रतिकर राशि अमानत मद तथा राज्य सरकार को देय प्रतिकर राशि संबंधित मद में जमा की सुनिश्चितता करें।
2. निरीक्षक भू0अ0 बेडा
3. पटवारी हल्का, दुदनी
4. तहसील राजस्व लेखाकार तहसील बाली

आवेदक श्रीमति सजल जानी पत्नि शैलेष कुमार जाति ब्राम्हण निवासी मातृनन्द तहसील बाली जिला पाली (राज.) को सूचनार्थ।

न्यायालय उप - खण्ड अधिकारी * बाली, जिला - पाली (राज.) *

उपखण्ड अधिकारी, बाली

सहायक कलक्टर एवं पदेन/

उपखण्ड अधिकारी, बाली

CamScanner